05 राजस्थान पत्रिका
जोधपुर, बुधवार, 19 अगस्त, 2026

## रेलवे को-ऑपरेटिव बैंक के चुनाव का शेड्यूल जारी

**जोधपुर @ पत्रिका.** सहकारी चुनाव प्राधिकरण, केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय ने जिला कलक्टर आलोक रंजन को रेलवे एम्प्लॉइज को-ऑपरेटिव बैंकिंग सोसायटी लिमिटेड, जोधपुर के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। कलक्टर ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर निर्वाचन प्रक्रिया की समय-सारिणी घोषित कर दी है। सोसायटी के 40 निर्वाचन क्षेत्रों में 82 डेलीगेट चुने जाएंगे। इसके बाद संचालक मंडल के 12 सदस्यों का चुनाव होगा। इनमें 9 सामान्य, 2 महिला और 1 एससी/एसटी सदस्य के लिए पद निर्धारित हैं। इसके बाद चेयरमैन और वाइस चेयरमैन सहित दो पदाधिकारियों का निर्वाचन होगा। डेलीगेट का चुनाव 5 अक्टूबर, संचालक मंडल का चुनाव 5 नवंबर और पदाधिकारियों का निर्वाचन 19 नवंबर तक पूरा किया जाएगा।

दैनिक भास्कर जोधपुर, बुधवार 19 अगस्त, 2026 | 05

## कलेक्टर आलोक रेलवे बैंक के निर्वाचन अधिकारी नियुक्त

### चुनाव कार्यक्रम जारी

सिटी रिपोर्टर | जोधपुर

सहकारी चुनाव प्राधिकरण, सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार ने जोधपुर जिला कलेक्टर आलोक रंजन को रेलवे एम्पलॉइज को-ऑपरेटिव बैंकिंग सोसाइटी लिमिटेड, जोधपुर के डेलीगेट, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर और संचालक मंडल के पदाधिकारियों-ऑफिस बियरर के चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। आलोक रंजन ने चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है।

जिला कलेक्टर व निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने बताया कि बैंकिंग सोसाइटी के कुल 40 निर्वाचन क्षेत्रों में 82 डेलीगेट, संचालक मंडल के 12 सदस्य (09 सामान्य, 02 महिला, 01 एससी/एसटी) और 02 पदाधिकारियों (01 चेयरमैन, 01 वाइस चेयरमैन) के चुनाव होंगे। डेलीगेट की निर्वाचन प्रक्रिया 5 अक्टूबर 2026, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की 5 नवंबर 2026 तथा संचालक मंडल के पदाधिकारियों-ऑफिस बियरर की निर्वाचन प्रक्रिया 19 नवंबर 2026 तक पूरी होगी।

दैनिक नवज्योति

जोधपुर, बुधवार, 19 अगस्त, 2026
dainiknavajyoti.com



# कलक्टर रेलवे बैंक के निर्वाचन अधिकारी नियुक्त, घोषित किया चुनाव कार्यक्रम

**जोधपुर/नवज्योति।** सहकारी चुनाव प्राधिकरण, सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने जोधपुर कलक्टर आलोक रंजन को रेलवे एम्पलॉइज को-ऑपरेटिव बैंकिंग सोसाइटी लिमिटेड जोधपुर के डेलीगेट, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व संचालक मण्डल के पदाधिकारियों-ऑफिस बियरर की निर्वाचन प्रक्रिया पूरी करने के लिए निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। आलोक रंजन ने सोसायटी का चुनाव कार्यक्रम तय कर जारी कर दिया है। कलक्टर व निर्वाचन अधिकारी आलोक रंजन ने बताया, निर्वाचन प्रक्रिया के तहत बैंकिंग सोसाइटी के कुल 40 निर्वाचन क्षेत्रों में से 82 डेलीगेट, संचालक मण्डल के कुल 12 सदस्य (09 सामान्य, 02 महिला, 01 एससी/एसटी), संचालक मण्डल के कुल 02 पदाधिकारियों (01 चेयरमैन, 01 वाईस चेयरमैन) के चुनाव सम्पन्न होंगे। इसके तहत डेलीगेट की निर्वाचन प्रक्रिया 5 अक्टूबर 2026 तक, बोर्ड ऑफ डायरक्टर की निर्वाचन प्रक्रिया 5 नवम्बर 2026 तक तथा संचालक मण्डल के पदाधिकारियों-ऑफिस बियरर की निर्वाचन प्रक्रिया 19 नवम्बर 2026 तक सम्पन्न होगी।